एचआरएडब्ल्यूआई का इनग्राम माइक्रो इंडिया प्रा. लि. के साथ समझौता

भास्कर संवाददाता | मुंबई

देश के आतिथ्य उद्योग को सम्पूर्ण प्रौद्योगिकी और डिजिटल परिवर्तन प्रदान करने के उद्देश्य से होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन (एचआरएडब्ल्यूआई) ने इनग्राम माइक्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इनग्राम माइक्रो, एचआरएडब्ल्यूआई को क्लाउड सेवाओं और आतिथ्य उद्योग के डिजिटल परिवर्तन में सहयोग करेगी। कंपनी एचआरएडब्ल्यूआई के सदस्यों को प्रौद्योगिकी लाइसेंस खरीदने तथा डिजिटल परिवर्तन के क्रियान्वयन में मदद के साथ ही समयबद्ध तरीके से लाभ प्राप्त करने के लिए समाधान प्रदान करेगी। इस अवसर पर एचआरएडब्ल्यूआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा की यह साझेदारी सिर्फ प्रौद्योगिकी के बारे में नहीं है। यह नवाचार, स्थिरता और उन्नत व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से होटल इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देने के लिए है।

दैनिक भास्कर Wed, 17 January 202
https://epaper.bhas

H&RA WESTERN INDIA Estd : 1951 TM